भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 693
उत्तर देने की तारीख: 12/12/2022

क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को बढ़ावा देना

†693. श्री इंद्रा हांग सुब्बा:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की गांवों और दूर-दराज के जिलों के छात्रों की सहायता के लिए क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना या वर्तमान में नीति हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ग): विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्चतर शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ (आरडीसी) की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के भीतर अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित और मजबूत करने के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करना है। ये दिशानिर्देश https://www.ugc.ac.in/pdfnews/6347789_RDC-Guideline.pdf पर उपलब्ध हैं।

*****